# पण्डित सन्त राम राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ

## जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

# 12वें

# वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

## के अवसर पर प्रस्तुत प्रतिवेदन

मुख्य अतिथि

# श्री किशोरी लाल

मान्नीय मुख्य संसदीय सचिव
(पशु पालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज)

प्रतिवेदन प्रस्तुति :
डॉ० महेन्द्र पाल, प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ

दिनांक : 6 मार्च 2024
सत्र : 2023-24

# 12वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**मान्यवर !**

पण्डित सन्त राम राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ के 12 वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के सुअवसर पर महाविद्यालय में आपके शुभ आगमन पर हमें आपका हार्दिक स्वागत करते हुए अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है। आपकी उपस्थिति से हमें अपूर्व उत्साह एवं सत्प्रेरणा मिली है। हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आपके आशीर्वाद एवं कुशल मार्गदर्शन से यह महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाएगा।

**महाविद्यालय एक अवलोकन :-**

धौलाधार के आँचल में स्थित शिवधाम बैजनाथ नगरी में अवस्थित पण्डित सन्त राम राजकीय महाविद्यालय 27 जून, 2006 को अस्तित्व में आया। 04 जनवरी 2007 को जी०जी०डी०एस०डी (GGDSD) नाम से जाना जाने वाले इस महाविद्यालय का सरकार ने अधिग्रहण कर इसे राजकीय महाविद्यालय में विलय किया। 25 अप्रैल, 2012 को इस महाविद्यालय के विधिवत् उद्घाटन के पश्चात् यह इस परिसर में स्थानान्तरित किया गया।

**महाविद्यालय परिवार एक अवलोकन :-**

महाविद्यालय में कार्यरत् शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों के सृजित पदों की संख्या व स्थिति निम्न है :-

| | | |
|---|---|---|
| 01 | प्राचार्य | 01 |
| 02 | शिक्षक वर्ग स्थायी | 36 |
| 03 | गैर शिक्षक वर्ग | 30 |

## महाविद्यालय में वर्तमान में रिक्तियों का विवरण निम्न है :-

**शिक्षक वर्ग**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | राजनीति शास्त्र | 01 |
| | इतिहास विभाग | 02 |
| | हिंदी विभाग | 02 |
| | रसायन विभाग | 01 |

| 02 | गैर शिक्षक वर्ग :- | |
|---|---|---|
| | कार्यालय अधीक्षक (ग्रेड–1) | 0 |
| | पुस्तकालय सहायक | 01 |
| | कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक | 02 |
| | तबला वादक | 01 |
| | जूनियर लैब अटेंडेंट | 03 |
| | लैब अटेंडेंट | 02 |
| | स्टोर कीपर | 01 |
| | सफाई कर्मचारी | 02 |
| | पुस्तकालय परिचायक | 01 |

**महाविद्यालय से इस शैक्षणिक सत्र में जिन सदस्यों का स्थानान्तरण हुआ उनके नाम, पदनाम और जहां स्थानान्तरण हुआ, उसका विवरण निम्न है :–**

| क्रम | नाम | विभाग | महाविद्यालय |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रो0 संजय गुप्ता | रसायन विज्ञान | राजकीय महाविद्यालय,पालमपुर। |
| 02 | प्रो0 मनीषा कुमारी | रसायन विज्ञान | राजकीय महाविद्यालय,पालमपुर। |
| 03 | प्रो0 आदित्य भान औझा | गणित | राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर। |
| 04 | प्रो0 पूजा राणा | वाणिज्य | राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर। |
| 05 | प्रो0 उपेन्द्र शर्मा | गणित | पदोनीत प्राचार्य रा०म०वि०शिवनगर। |

**वर्तमान शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित वर्ग के सदस्यों का विवरण निम्न है :–**

| क्रम | नाम | विभाग | महाविद्यालय |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रो० स्वाति महाजन | रसायन विभाग | राजकीय महाविद्यालय,पालमपुर। |
| 02 | प्रो0 सुलक्षणा शर्मा | अंग्रेजी | नवनियुक्ति |
| 03 | प्रो0 अमन राणा | संगीत | नवनियुक्ति। |
| 04 | प्रो० मनीष रंधावा | पर्यावरण | नवनियुक्ति। |
| 05 | प्रो० पवित्र नेगी | इतिहास | नवनियुक्ति। |
| 06 | प्रो० अंजली भारद्वाज | वनस्पति विभाग | नवनियुक्ति। |
| 07 | प्रो० शबनम ठाकुर | वनस्पति विज्ञान | नवनियुक्ति। |
| 08 | प्रो० अनिल कुमार | गणित | राजकीय महाविद्यालय,पालमपुर। |
| 09 | प्रो० सुनीता कुमारी | हिंदी | नवनियुक्ति। |
| 10 | प्रो० अंजली सैनी | वाणिज्य | राजकीय महाविद्यालय,पालमपुर। |

वर्तमान शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित गैर शिक्षक वर्ग के सदस्यों का विवरण निम्न है :–

| क्रम | नाम | विभाग | स्तीन |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री मिलाप चंद | अधीक्षक ग्रेड i | बी०ई०ई०ओ० पालमपुर। |
| 02 | श्री राजन शर्मा | अधीक्षक ग्रेड ii | रा०व०मा०पा० लनौड। |
| 03 | श्री विनय मेहता | वरिष्ठ सहायक | रा०व०मा०पा० लनौड। |

## सेवानिवृतियां :–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | श्री उदय राणा | अधीक्षक ग्रेड i |
| 02 | श्री मदन शर्मा | जूनियर लैब अटेंडेंट |
| 03 | श्री सुदर्शन | एल०ए० |

## महाविद्यालय में संचालित विभिन्न संकायों में छात्रों की संख्या :–

शैक्षणिक सत्र 2023–24 के दौरान महाविद्यालय में संचालित विभिन्न संकायों में छात्रों की संख्या 1539 है। महाविद्यालय में HDFC Bank Payment Gateway integration के तहत विद्यार्थियों के लिए ऑन लाइन प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। विषयवार विद्यार्थियों का विस्तृत विवरण इस प्रकार से है :–

| 1 Stream | 2 Stream | 3 Gen. | | 4 Sc | | 5 ST | | 6 OBC | | 7 Total | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | B | G | B | G | B | G | B | G | B | G |
| Arts | B.A. 1st Year | 43 | 63 | 44 | 61 | 14 | 20 | 22 | 29 | 123 | 173 |
| | B.A. 2nd Year | 26 | 59 | 24 | 64 | 10 | 20 | 9 | 39 | 59 | 182 |
| | B.A. 3rd Year | 20 | 53 | 19 | 53 | 2 | 18 | 7 | 38 | 48 | 162 |
| Science | B.Sc. 1st Year | 30 | 31 | 6 | 16 | 12 | 11 | 10 | 17 | 58 | 75 |
| | B.Sc. 2nd Year | 23 | 42 | 6 | 15 | 4 | 16 | 9 | 11 | 42 | 84 |
| | B.Sc. 3rd Year | 21 | 22 | 7 | 9 | 8 | 9 | 2 | 10 | 38 | 50 |
| | | 74 | 95 | 19 | 40 | 24 | 36 | 21 | 38 | 368 | 726 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Commerce | B.Com 1st Year | 11 | 9 | 19 | 8 | 2 | 5 | 6 | 5 | 38 | 27 |
| | B.Com 2nd year | 19 | 17 | 13 | 15 | 0 | 8 | 7 | 7 | 39 | 47 |
| | B.Com. 3rd Year | 8 | 8 | 7 | 12 | 2 | 7 | 4 | 6 | 21 | 33 |
| | | 38 | 34 | 39 | 35 | 4 | 20 | 17 | 18 | 98 | 107 |
| M.A English | | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| M.A Hindi | | 0 | 14 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 14 |
| M.A Econ. | | 1 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 5 |
| M.A History | | 4 | 15 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 6 | 16 |
| BCA | BCA 1st Semester | 30 | 28 | 4 | 5 | 1 | 2 | 5 | 2 | 33 | 28 |
| | BCA 3rd Semester | 17 | 9 | 9 | 4 | 3 | 0 | 0 | 0 | 29 | 13 |
| | BCA 5th Semester | 6 | 2 | 0 | 5 | 1 | 1 | 7 | 3 | 14 | 11 |
| | | 54 | 19 | 18 | 14 | 4 | 4 | 13 | 6 | 89 | 43 |
| BBA | BBA 1st Semester | 12 | 9 | 5 | 7 | 3 | 0 | 3 | 2 | 23 | 18 |
| | BBA 3rd Semester | 14 | 8 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 17 | 9 |
| | BBA 5th Semester | 4 | 3 | 5 | 1 | 1 | 2 | 1 | 2 | 11 | 8 |
| | | 35 | 11 | 14 | 7 | 2 | 4 | 6 | 6 | 57 | 28 |
| Biotech | Biotech 1st Year | 5 | 10 | 0 | 8 | 0 | 0 | 1 | 3 | 5 | 21 |
| | Biotech 2nd Year | 2 | 7 | 0 | 3 | 0 | 1 | 2 | 2 | 4 | 13 |
| | Biotech 3rd Year | 3 | 9 | 5 | 2 | 1 | 2 | 0 | 0 | 9 | 13 |
| | | 12 | 23 | 6 | 11 | 1 | 2 | 1 | 5 | 17 | 40 |

## छात्रवृतियाँ :-

महाविद्यालय में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति पिछड़ा वर्ग तथा अति निर्धन परिवारों से सम्बन्धित विद्यार्थियों की आर्थिक सहायता के लिए विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियां प्रदान की जाती है। ताकि महाविद्यालय में इन वर्गों से सम्बन्धित कोई भी विद्यार्थी धन के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित न रहे। हमारे महाविद्यालय में इस शैक्षणिक वर्ष में विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों को जो छात्रवृतियां प्रदान की गयी, उनका विस्तृत विवरण निम्न है :-

## छात्रवृत्ति योजनाएं :-

| क्रमांक | योजना का नाम | प्राप्तकर्त्ताओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति क्षेत्र योजना | 09 |
| 2. | ओबीसी छात्रों के लिए केंद्रीय प्रयोजित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (हि0प्र0) | 03 |
| 3. | अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए केंद्रीय प्रायोजित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (हि0प्र0) | 14 |
| 4. | अनुसूचित जनजाति के लिए छात्रों के लिए केंद्रीय प्रायोजित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (हि0प्र0) | 6 |
| 5. | एकीकृति ग्रामीण विकास योजना (आई.आर.डी.पी.) हि0प्र0 | 2 |
| 6. | कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना (हि0प्र0) | 10 |

## पुस्तकालय :-

महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की 8839 पुस्तकें उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त 09 दैनिक समाचार पत्र तथा 13 पत्रिकाऐं उपलब्ध हैं। सत्र 2023-24 में विभिन्न 36,676 रूपये की 104 नई पुस्तकें खरीदी गई।

**सेल्फ फाइनेंस कोर्स :-**

महाविद्यालय में सेल्फ फाइनेंस कोर्स के अन्तर्गत बी०बी०ए०, बी०सी०ए० और बायोटेक की कक्षाएं चलाई जा रही है। निजी वित्तपोषित कोर्स के तहत बी०बी०ए० में तीन बी०सी०ए० में चार तथा बायोटेक में तीन प्राध्यापक, दो लैब अटेन्डेंट, एक पुस्तकालय सहायक तथा क्लर्क कार्यरत हैं।

**हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम :-**

महाविद्यालय में एच.पी.के.वी.एन. के अंतर्गत तीन ग्रेजुएट ऐण्ड ऑन प्रोग्राम सम्मिलित किये गए हैं। इसमें English, Employability & Entrepreneurship Training Program में 60 विद्यार्थी, Social Media में 58 तथा Accounts Executive में 50 विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

**पिछले वर्ष प्लेसमैंट :-**

20,000 प्रति माह के पैकेज के साथ लैंडिसा होमस्टेट प्राइवेट लिमिटेड गुरूग्राम में 3 छात्रों को रखा गया। 2 छात्रों को 16,000 प्रति माह के पैकेज के साथ नाथ आउटसोर्सिंग प्राइवेट लिमिटेड चंडीगढ़ में रखा गया। प्राईवेट लिमिटेड मोहाली में प्रति माह 14,000 के पैकेज के साथ 4 छात्रों को रखा गया। इस कोर्स के तहत पिछले साल कुल 9 छात्रों को रखा गया था।

**अभिभावक-शिक्षक संघ :-**

अभिभावक–शिक्षक संघ का प्रमुख उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना तथा छात्र हितों की रक्षा करना है। सत्र 2023–24 के लिए एक संघ की कार्यकारिणी का चुनाव 06 अक्तूबर, 2023 को सम्पन्न हुआ। इस कार्यकारिणी के निर्वाचित सदस्यों के नाम निम्नलिखित है :-

| क्रम | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 01 | श्री रणजीत राणा | अध्यक्ष |
| 02 | श्रीमती बन्दना देवी | उपाध्यक्ष |
| 03 | डॉ0 केवल कृष्ण | सचिव |
| 04 | प्रो० अनील कुमार | उप–सचिव |
| 05 | श्री अरूण अवस्थी | कोषाध्यक्ष |
| 06 | श्री कुलदीप राणा | मुख्य सलाहकार |

सदस्य :- डॉ० स्वाति महाजन, प्रो० विशाल चौधरी, प्रो० सुनीता कुमारी, श्रीमती सुनीता देवी, श्रीमती शिवानी सूद तथा रोहित सूद।

**महाविद्यालय केंद्रीय छात्र संघ :-**

केन्द्रीय छात्र संघ महाविद्यालय का एक अभिन्न अंग माना जाता है। क्योंकि यह महाविद्यालय प्रशासन और छात्रों के बीच एक सेतू का काम करता है। दिनाँक 4 नवम्बर 2023 को सत्र 2023–24 के केन्द्रीय छात्र संघ का गठन किया गया जिसमें निम्नवत् विद्यार्थियों का चयन किया गया।

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | प्रिया सकलानी (M.A. English) |
| उपाध्यक्ष | सुमेधा शर्मा (B.Sc. IIIrd year) |
| सचिव | अभिनव (B.Sc IIIrd year) |
| सँयुक्त सचिव | विशाल कुमार (B.A. 1st year) |

## राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.) :-

छात्रों में सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत दो ईकाईयां कार्यरत है जो कि कार्यक्रम अधिकारी प्रो० सुलक्षणा शर्मा (सहायक आचार्य अंग्रेज़ी) प्रो० मुनीष रंधावा (सहायक आचार्य पर्यावरण) के नेतृत्व में कार्य कर रही है। इन ईकाईयों में स्वयंसेवियों की कुल संख्या 200 है। जिनमें 128 छात्राएँ तथा 72 छात्र हैं।

इस वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के दैनिक व वार्षिक कार्यों के अन्तर्गत निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया।

- 23 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया।
- "मेरी माटी मेरा देश" विषय पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया।
- रोड सेफ्टी क्लब द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा विषय पर 14 अक्तूबर 2023 को रैली का आयोजन किया गया।
- 6 नवम्बर 2023 को आयुर्वेदा दिवस मनाया गया।
- 2 दिसम्बर 2023 को शहीद स्मार्क पार्क को राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा गोद लिया गया।
- 26 दिसम्बर 2023 से 1 जनवरी 2024 तक राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 58 स्वयसेवियों 36 छात्रा 22 छात्रों ने भाग लिया।
- शिविर के दौरान स्वयंसेवियों को विभिन्न क्षेत्रों से आये विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण ज्ञानवर्धक जानकारियाँ प्रदान की गई।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर (N.C.C.) :–

'एकता एवं अनुशासन' राष्ट्रीय कैडेट कोर (N.C.C.) का ध्येय है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में श्रेष्ठ नागरिक बनने तथा अनुशासन व एकता की भावना को सुदृढ़ करने का अवसर मिलता है। इसके अतिरिक्त कैडेट्स जैसे युद्ध कौशल, हथियार संचालन, आत्मरक्षा व

सत्र 2023–24 में लेफ्टिनेंट विक्रम सिंह के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय की इस इकाई में कुल 75 कैडेट्स (छात्र एवं छात्राएं) पंजीकृत हुए। इस सत्र में राष्ट्रीय कैडेट कोर की वार्षिक गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार से है :–

◆ 21 जून 2023 को महाविद्यालय में योगा दिवस के आयोजन पर 55 एन०सी०सी कैडेट्स ने भाग लिया।

◆ जुलाई – अगस्त 2023 को सावन सोमवार के उपलक्ष्य पर बैजनाथ मंदिर पर 32 एन०सी०सी कैडेट्स कार्यरत रहे।

◆ 15 अगस्त 2023 को 32 एन०सी०सी कैडेट्स ने बैजनाथ में 15 अगस्त परेड में भाग लिया।

◆ 2 सितम्बर 2023 को एन०सी०सी (BEE) प्रमाण पत्र धारकों को महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

◆ 6 सितम्बर 2023 को 32 एन०सी०सी कैडेट्स कॉलेज कैम्स मे पेड़ लगाने का कार्य किया। तथा 8 सितम्बर 2023 को सेना के जवान धर्मशाला से 5 एपची इकाई के द्वारा 46 पूर्व वर्ष के एन०सी०सी कैडेट्स का नामांकन किया गया।

◆ 14 अक्तूबर 2023 को थाना प्रभारी बैजनाथ द्वारा एन०सी०सी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा पर व्याख्यान दिया गया।

◆ 26 नवम्बर 2023 को एन०सी०सी० दिवस मनाया गया। तथा 30 नवम्बर 2023 को जनता जागरुकता के लिए सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई और 14 दिसम्बर 2023 को एन०सी०सी० शिविर में 31 एन०सी०सी० कैडेट्स ने भाग लिया।

◆ 26 जनवरी 2024 को 75 एन०सी०सी० कैडेट्स ने बैजनाथ में गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लिया।

**स्काऊट एण्ड गाईड (Rovers & Rangers):**

महाविद्यालय में रोवर्स एण्ड रेंजर्स की ईकाई प्रो० विशाल चौधरी और प्रो० दिप्ती शर्मा के नेतृत्व में कार्य कर रही है। वर्तमान में रोवर्स एण्ड रेंजर्स ईकाई में कुल संख्या 48 है। जिसमें 24 रोवर्स एण्ड 24 रेजर्स है।

◆ 29 अगस्त 2023 को महाविद्यालय में खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रोवर्स एण्ड रेजर्स के एक रोवर ने प्रश्नोत्तरी परीक्षा में भाग लिया। जिसमें उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

◆ भारत स्काऊटस एण्ड गाइडस राज्य प्रशिक्षण केन्द्र मण्डी (रिवालसर) द्वारा आयोजित रेजर्स निपुण कैम्प में हिमाचल प्रदेश के सभी महाविद्यालयों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जिसमें राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के 8 रेजर्स भी शामिल हुए और यह कार्यक्रम 20 सितम्बर 2023 से 25 सितम्बर 2023 तक आयोजित किया गया।

◆ 10 अक्तूबर 2023 को महाविद्यायल मे ईको क्लब इवेंट का आयोजन किया गया जिसमें रोवर्स एंड रेंजर्स सभी ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और महाविद्यालय में साफ सफाई तथा पौधारोपण का कार्य किया गया।

◆ 21 दिसम्बर 2023 को महाविद्यालय में रोवर्स एंड रेंजर्स द्वारा प्रमाण पत्र आंवटन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

◆ 30 दिसम्बर 2023 को महाविद्यालय में एथैलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 3 रोवर्स और 7 रेंजर्स ने परेड में भाग लिया।

◆ नवम्बर 2023 में BSG-STC रिवालसर में Pre-RDC Selection Camp का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय बैजनाथ के एक रेंजर्स का चयन हुआ और 26 जनवरी 2024 को रेंजर्स सपना कुमारी ने शिमला में हुई गणतन्त्र दिवस परेड में भाग लिया।

**सड़क सुरक्षा क्लब :–**

सत्र 2023–24 के लिए गतिविधियाँ

◆ 14 अक्तूबर 2023 को रोड़ सुरक्षा जागरूकता विषय पर थाना प्रभारी श्री सुरिंदर ठाकुर द्वारा व्याख्यान दिया गया।

◆ 30 नम्बर 2023 को सड़क सुरक्षा जागरूकता पर रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में महाविद्यालय के लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया।

◆ सड़क सुरक्षा विषय पर महाविद्यालय में 20 दिसम्बर 2023 को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें नारा लेखन प्रतियोगिता, निबंध लेखन, रंगोली आदि बनाने की प्रतियोगिता शामिल रहीं।

**सांस्कृतिक गतिविधियां :–**

इस वर्ष राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में 13 दिसम्बर 2023 को सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। तथा 23 फरवरी 2024 को महाविद्यालय में आयोजित केन्द्रीय छात्र संगठन कार्यक्रम में संगीत विभाग के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

**वार्षिक पत्रिका बिनवा :–**

महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की ''सृजनात्मक प्रतिभा'' को विकसित करने हेतु, महाविद्यालय द्वारा प्रति वर्ष 'बिनवा' पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। यह पत्रिका जहाँ नवोदित लेखकों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुअवसर प्रदान करती है, वहीं उनमें वैचारिक चिन्तन एवं लेखन के प्रति रूचि भी पैदा करती है। प्रो० दीप्ति शर्मा पत्रिका की मुख्य सम्पादक है।

**सूचना प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला :–**

महाविद्यालय में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से एक संगणक प्रयोगशाला स्थापित की गई है। इसमें 25 कम्प्यूटर है, तथा यह प्रयोगशाला पूर्णतः इन्टरनेट तथा अन्य सुविधाओं से सुसज्जित है। महाविद्यालय में 8 Mbps से 32 Mbps की गति के साथ इंटरनेट सुविधा उपलब्ध करवाई जायेगी जिसके लिए BSNL को धन राशि उपलब्ध करवा दी गई है।

इसी के साथ सेल्फ फाइनेंस कोर्स के अन्तर्गत 35 कम्प्यूटर की सुविधा BBA और BCA के विद्यार्थियों को दी गई है। यहां प्राध्यापक विद्यार्थियों के कम्प्यूटर की विभिन्न भाषाओं तथा अन्य उपयोगिताओं सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध करवाते हैं। इसके अतिरिक्त यह प्रयोगशाला सभी विद्यार्थियों को कम्प्यूटर का उपयोग करने हेतू खुली रहती है।

**बायोटेक्नोलॉजी विभाग :-**

पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा "बायोटेक्नोलॉजी : फ्रॉम लैब टू लाइफ" कार्यक्रम का आयोजन 19 अक्तूबर 2023 को किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ० महेन्द्र पाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन, पज़ल सॉल्विंग तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता। इसके अतिरिक्त बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने "बायोटेक्नोलॉजी ब्रेकथ्रू : द कॉमेडी लैब" विषय पर नाटक प्रस्तुत किया।

28 नवम्बर 2023 को बायोटेक्नोलॉजी विभाग के द्वारा "बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइनफॉर्मेटिक्स" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर से डॉ० तनुजा राणा ने रिसोर्स पर्सन के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० महेन्द्र पाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस सेमिनार में बायोटेक्नोलॉजी विभाग के 52 छात्र एवं छात्राओं ने बायोइनफॉर्मेटिक्स विषय पर अपने विचार रखे।

**वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धाएं :-**

राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ का खेलों के क्षेत्र में 2023–24 एक सफल वर्ष रहा जिसमें 2022–23 के मुकाबले अधिक खेलों में भाग लिया। कुल 15 टीमों ने अंतर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। कुल 112 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। नए खेलों में इस बार महिला नॉर्थ जोन इंटर यूनिर्वसिट चैंपियन शिप, फुटवाल, हॉकी, शूटिंग, ताई क्माड़ों, वॉक्सिंग, वार्षिक ऐथैलेटिक्स प्रतियोगिता आदि भिन्न–भिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। तथा पदक भी प्राप्त किए।

**रेड–रिब्बन क्लब :-**

पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में रेड रिबन क्लब में 60 छात्र एवं छात्राएं हैं। रेड रिबन क्लब के द्वारा 18 दिसम्बर 2023 को एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में फेस पेंटिंग, रंगोली, पोस्टर–मेकिंग तथा नारा लेखन प्रतियोगिता शामिल रहीं। 19 दिसंबर 2023 को डॉ. अभिषेक अवस्थी, चिकित्सा अधिकारी पी.एच.सी महाकाल तथा श्री बीरबल वर्मा हेल्थ एजुकेटर, रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे। उन्होने विद्यार्थियों को एड्स जागरूकता पर

व्याख्यान दिया। तथा इसके अतिरिक्त स्टाफ तथा छात्र वर्ग के लिए खंड स्वास्थ्य अधिकारी महाकाल की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें खून, शुगर, रक्त चाप, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, मेलेरिया, रैपिड एच.आई.वी. आदि टेस्ट किए गए। और इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 80 सदस्यों जिनमें महाविद्यालय के छात्र वर्ग तथा कर्मचारियों तथा अधिकारियों ने भी जाँच करवाई।

**ईको क्लब :-**

महाविद्यालय में सत्र 2023–24 के लिए छात्र एवं छात्राओं का पंजीकरण किया गया।

◆ महाविद्यालय परिसर में 10 अक्तूबर 2023 को पौधा रोपण एवं गमला सफाई अभियान किया गया। तथा प्रांगण के सामने फूलवारियां लगाई गई तथा साफ सफाई की गई।

◆ 25 अक्तूबर 2023 को पावर पांइट प्रेजेन्टेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक "पारिस्थिति की तंत्र और पर्यावरण पर मानव जनित गतिविधियों के बाद के प्रभाव" रखा गया। 16 फरवरी 2024 को हेल्थ इन्टरनेशनल से सैनेटरी नैपकीन के उचित चयन एवं उपयोग तथा महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रभावों पर वार्ता आयोजित की गई थी।

◆ 21 फरवरी 2024 को विज्ञान संकाय द्वारा सी०एस०आई०आर० पालमपुर और मृदा परीक्षण प्रयोगशाला एच पी के वी का एक दिवसीय दौरा किया गया।

**निर्वाचन साक्षरता क्लब :-**

निर्वाचन साक्षरता क्लब का उदेश्य छात्र समुदाय को लोकतांत्रिक अधिकारों और चुनाव में अपने अदवित्य निर्णय के लिए वोट की शक्ति के बारे में छात्रों को जागरूक करना है। निर्माण साक्षारता क्लब प्रभारी डॉ० पवन कुमार के अनुसार 26 नवम्बर 2023 को महाविद्यालय में विशेष मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। 22 दिसम्बर 2023 को महाविद्यालय में निर्वाचन विभाग की सहायता से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर छात्रों को मत का महत्व ई०वी०एम० व वी०वी०पैट० मशीन की कार्यप्रणाली के बारे में जागरूक किया गया।

**स्टाफ की व्यक्तिगत उपलब्धियाँ :-**

◆ **प्रो० (मेजर) राज कुमार पठानिया, आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग :-** राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र, महाविद्यालय मंडी में हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र तथा राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर (मंडी) से एक साप्ताहिक (एफ०डी०पी०) कोर्स किया।

◆ **डॉ० विक्रम सिंह, सहायक आचार्य, समाज शास्त्र विभाग :-** (ओ०टी०ए०) काम्पटी नागपुर से एक मासिक रिफरेशर कोर्स, राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में हुए राष्ट्रीय सेमीनार में शोध पत्र प्रस्तुत, राजकीय महाविद्यालय पांगी में हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र, हि०प्र० विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र धर्मशाला में संपन्न हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र, महाविद्यालय सरकाघाट में हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र, राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट (सोलन) में हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किए तथा एन०सी०सी० (ए०टी०सी०) जाट रेजिमेंट धर्मशाला में दस दिवसीय कोर्स किया।

◆ **डॉ० स्वाति महाजन, सहायक आचार्य, रसायन विज्ञान :-** महाराजा अग्रसैन विश्वविद्यालय बद्दी से एक साप्ताहिक (एफ०डी०पी०), एक साप्ताहिक राष्ट्रीय कार्यशाला, (टी०एल०सी०) रामानुजन महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय) से दो साप्ताहिक रिफरेशर कोर्स, दो अंतर्राष्ट्रीय सगोष्ठीयों में शोध पत्र प्रस्तुत, बी०एस०सी० तृतीय वर्ष के लिए आर०डी० प्रकाशन के सौजन्य से पुस्तक प्रकाशित की और रासायन विभाग के द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के छात्रों के साथ सवायल टेस्ट लैब होल्टा पालमपुर का दौरा किया।

◆ **प्रो० दीप्ति शर्मा, सहायक आचार्य, अंग्रेजी विभाग :-** राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय बिलासपुर में अयोजित राष्ट्रीय सेमीनार में शोध पत्र प्रस्तुत, तकनीकी महाविद्यालय हैदराबाद से एक साप्ताहिक कार्यशाला में भाग लिया, **(K.J)** महाविद्यालय बैंगलोर से F.D.P. , राजकीय महाविद्यालय पांगी में हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत। महाविद्यालय देहरी में हुई अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन में शोध पत्र प्ररतुत, महाविद्यालय सरकाघाट में संपन्न हुए राष्ट्रीय सम्मलेन में शोध पत्र प्रस्तुत। पीर रिब्यू रेफरड जर्नल में एक शोध पत्र प्रकाशित हुआ।

◆ **प्रो० राजेश भारद्वाज, सह आचार्य, भौतिकी विभाग :-** राजकीय महाविद्यालय पालमपुर से एक साप्तिहक एफ०डी०पी०, राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में संपन्न हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत, तथा (टी०एल०सी०) रामानुजन महाविद्यालय (विश्वविद्यालय दिल्ली) से दो साप्ताहिक रिफरेशर कोर्स किया।

◆ **डॉ० चेतना शर्मा, सहायक आचार्य, जीव विज्ञान :-** राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध, हिमालयन वन शोध संस्थान शिमला में संपन्न हुए अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र, राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में संपन्न हुए अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र, केन्द्रीय विश्वविद्यालय हि0प्र0 में हुए राष्ट्रीय सेमिनार में शोध पत्र, और राजकीय महाविद्यालय नादौन में हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र, सरदार पटेल विश्वविद्यालय

मंडी (हि०प्र०) में संपन्न हुए अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किए और राजकीय महाविद्यालय पालमपुर से एक साप्ताहिक एफ डी पी किया।

◆ **डॉ० पवन कुमार, सहायक आचार्य, राजनीति शास्त्र विभाग :-** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित "राष्ट्रीय सेमिनार" में शोध पत्र प्रस्तुत, राजकीय महाविद्यालय पांगी में हुई अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अध्ययन के अंतर्गत धर्मशाला द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत, राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में आयोजित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेन्स में भी शोध पत्र, राजकीय महाविद्यालय दाडलाघाट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र, महाविद्यालय पालमपुर में संपन्न हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र, (T.L.C) रामानुजन महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय) से दो साप्ताहिक रिफरेशर कोर्स, (T.L.C) "पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला" से दो साप्ताहिक रिफरेशर कोर्स, पीर रिव्यू रेफरड जर्नल में दो शोध पत्र प्रकाशित हुए।

◆ **डॉ० केवल कृष्ण, सहायक आचार्य, समाजशास्त्र :-** के द्वारा अनुसंधान पत्र हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के सतत् विकास में सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों पर प्रकाशित किया। हि०प्र० विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र धर्मशाला द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना अनुसंधान पत्र प्रस्तुत किया। राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना अनुसंधान पत्र प्रस्तुत किया। एम०एम०टी०टी०सी०(HRDC) पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला द्वारा दो साप्ताहिक रिफरेशर कोर्स में भाग लिया। राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर मंडी द्वारा आयोजित (FDP) में रिसोर्स पर्सन के रूप में व्याख्यान दिया।

◆ **प्रो० अंजली सैनी, सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग :-** (टी०एल०सी०) रामानुजन महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय) से दो साप्ताहिक रिफरेसर कोर्स, महाराजा अग्रसैन विश्वविद्यालय वद्दी से एक साप्ताहिक (एफ०डी०पी०), केन्द्रीय विश्वविद्यालय हि०प्र० में सपन्न हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया। तथा विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण की।

◆ **डॉ० महेन्द्र सिंह, सह आचार्य-संस्कृत विभाग :-** I.I.T. Mumbai से 12 साप्ताहिक संस्कृत विषय पर प्रमाण पत्र कोर्स, (जुलाई 2023 से अक्तूबर 2023), वजीर राम सिंह महाविद्यालय (देहरी) में आयोजित दो दिवसीस अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र तथा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत तथा राजकीय महाविद्यालय जोगिन्दरनगर में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार में भाग लिया।

◆ **डॉ० अतुल सहायक आचार्य, रसायन विभाग :-** राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में सम्पन्न हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन में शोध पत्र प्रस्तुत, तथा राजकीय महाविद्यालय नादौन में 2 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत तथा देश बन्धु

महाविद्यालय (विश्वविद्यालय दिल्ली) में संपन्न हुए दो दिवसीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत तथा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

◆ **प्रो० अनिल कुमार, सहायक आचार्य, गणित विभाग :-** (टी०एल०सी०) रामानुजन महाविद्यालय (विश्वविद्यालय दिल्ली) से रिफरेशर कोर्स, राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में हुई अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया। तथा विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण की और "रिसर्च जनरल" में शोध पत्र प्रकाशित हुआ।

◆ **प्रो० यशपाल, सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग विभाग :-** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में हुए एक दिवसीय सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत, राजकीय महाविद्यालय देहरी (कांगड़ा) दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉनफ्रेंस में शोध पत्र, तथा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किए।

◆ **प्रो० तृप्ता शर्मा, सहायक आचार्य, जीव विज्ञान :-** राजकीय महाविद्यालय नादौन में संपन्न हुई दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत, महाविद्यालय पालमपुर में हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में संपन्न हुए राष्ट्रीय सम्मलेन में शोध पत्र, राजकीय महाविद्यालय जुखाला (बिलासपुर) में हुए सम्मलेन में शोध पत्र प्रस्तुत किए तथा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में संपन्न हुए एक साप्तिहक एफ० डी० पी० कोर्स किया।

◆ **प्रो० राकेश कुमार, सहायक आचार्य, भौतिकी विभाग :-** (टी०एल०सी०) रामानुजन महाविद्यालय (विश्वविद्यालय दिल्ली) से दो साप्ताहिक रिफरेशर कोर्स, राजकीय महाविद्यालय पालमपुर से एक साप्ताहिक एफ०डी०पी०, राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर (मंडी) से एक साप्ताहिक एफ०डी०पी० और राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में संपन्न हुई अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

◆ **डॉ० सुशील कुमार, सहायक आचार्य, भौतिकी विभाग :-** राजकीय महाविद्यालय पालमपुर से एक साप्तिहक एफ०डी०पी०, सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में संपन्न हुई अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत, राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत तथा (टी०एल०सी०) रामानुजन महाविद्यालय (विश्वविद्यालय दिल्ली) से दो साप्ताहिक रिफरेसर कोर्स किया।

◆ **डॉ० अर्चना ठाकुर, सहायक आचार्य, अंग्रेजी विभाग :-** राजकीय महाविद्यालय राजपुरा (जम्मू कश्मीर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अध्यक्षता की, आर्ट एंड साईस महाविद्यालय ई डुक्की (केरल) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की।

◆ **प्रो० विरेन्द्र सिंह , सहायक आचार्य, भूगोल विभाग :-**(टी०एल०सी०) रामानुजन महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय) से चार साप्ताहिक ओरिएनटेशन कोर्स किया।

◆ **प्रो० रेणु भाटिया, सहायक आचार्य, संगणक विभाग :–** (टी०एल०सी०) रामानुजन महाविद्यालय (विश्वविद्यालय दिल्ली) से ओरियनटेशन कोर्स (21 अगस्त 2023 से 19 सितम्बर 2023) ए प्लस ग्रेड में उत्तीर्ण किया।

◆ **प्रो० विशाल चौधरी, सहायक आचार्य, पर्यटन विभाग :–** राजकीय महाविद्यालय विलासपुर से में संपन्न हुए राष्ट्रीय सेमीनार में भाग लिया, महाविद्यालय देहरी में हुए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र, राजकीय महाविद्यालय मंडी में संपन्न हुए दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन में शोध पत्र प्रस्तुत किए।

◆ **प्रो० संजीव कुमार, सहायक आचार्य, संगीत विभाग :–** (टी०एल०सी०) रामानुजन महाविद्यालय (विश्वविद्यालय दिल्ली) से एफ०डी०पी०, दो दिवसीय ओरिएन्टेशन कोर्स तथा राजकीय महाविद्यालय विलासपुर से में संपन्न हुए राष्ट्रीय सम्मलेन में भाग लिया।

◆ **प्रो० सुलक्षणा शर्मा, सहायक आचार्य, अंग्रेजी विभाग :–** (जी०सी०टी०ई०) धर्मशाला द्वारा आयोजित एक साप्ताहिक प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम मे भाग लिया।

◆ **प्रो० अमन कुमार, सहायक आचार्य, संगीत (वादन) विभाग :–** (जी०सी०टी०ई०) धर्मशाला द्वारा आयोजित एक साप्ताहिक प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम मे भाग लिया। तथा जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला द्वारा आयोजित कला उत्सव में बतौर निर्णायक मण्डल सदस्य के रूप में भाग लिया।

◆ **प्रो० सुनीता कुमारी, सहायक आचार्य, हिंदी विभाग :–** (जी०सी०टी०ई०) धर्मशाला द्वारा आयोजित एक साप्ताहिक प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम मे भाग लिया। तथा जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला द्वारा आयोजित कला उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में निर्णायक मण्डल सदस्य के रूप में भाग लिया।

## विभागीय गतिविधियाँ :–

## पर्यटन प्रबंधन विभाग :–

◆ महाविद्यालय का पर्यटन एवं प्रबंधन विभाग प्रो० विशाल चौधरी की अध्यक्षता में चल रहा है। सत्र 2022–23 में विभाग द्वारा की गई उपलब्धियाँ निम्नलिखित है :–
विभाग द्वारा 27 सितंबर 2022 को विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया, जिसमें छात्रों ने पेंटिग, प्रश्नोतरी, फोटोग्राफी इत्यादि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

◆ 26 नवबंर 2022 को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा "संविधान दिवस" मनाया गया। इस अवसर पर व्याख्यान, पोस्टर मेकिग, नारा लेखन, प्रस्तावना वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

◆ 26 / 27 दिसंबर 2022 को पर्यटन विभाग के छात्र रजत भारद्वाज व साक्षी राणा ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में आयोजित राष्ट्रीय पर्यटन प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में भाग लिया और द्वितीय स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम सुशोभित किया।

◆ विभाग द्वारा आयोजित Leadership Development Programme कुल्लू में किया गया। जिसमें 33 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस शिविर में विद्यार्थियों ने पर्वतारोहण, साहसिक पर्यटन व नेतृत्व कौशल का व्यावहारिक अनुभव लिया। यात्रा के दौरान छात्रों ने 8500 फुट की ऊँचाई फतह की और 20 किलोमीटर की पदयात्रा भी की। यात्रा के दौरान छात्रों ने नग्गर किला, कुल्लू का दशहरा, हिडिम्बा मन्दिर, व अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण और संबधित खेल संस्थान का भी दौरा किया।

◆ 18 जनवरी से 20 जनवरी 2023 को 3 दिवसीय कार्यशाला "वित्तीय साक्षरता" का आयोजन प्रो० यशपाल (समन्वयक बी.बी.ए. संकाय) द्वारा किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को धन संयोजन, विनिमय व प्रबंधन हेतू जागरूक किया गया।

◆ 27 जनवरी 2023 विद्यार्थियों में "उद्यमिता विकास' हेतू विभागाध्यक्ष प्रो० यशपाल के नेतृत्व में एक दिवसीय शिक्षण भ्रमण" केट्लिस्ट–आई.आई.टी. मण्डी का आयोजन किया गया।

◆ 10 से 11 अक्तूबर 2022 को Biotechnology विभाग के 24 छात्रों ने CSIR-IHBT Palampur द्वारा आयोजित Capacity Building Programme : "Hands-on training in the area of recombinant DNA technology" में भाग लिया।

◆ Bsc Biotechnology (H.) विभाग द्वारा डॉ० चेतना शर्मा (समन्वयक बायोटेक्नोलॉजी) के नेतृत्व में विद्यार्थियों के लिए "Bioinformatics tools and its application in Biotechnology" शीर्षक से दो दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर से डॉ० पवन कुमार शर्मा, डॉ० तनुजा राणा तथा होशियार शर्मा Resource Person रहे।

◆ अग्रेंजी विभाग द्वारा 3 अक्तूबर 2022 को छंजपवदंसपेउ विषय पर भाषण प्रतियोगिता व वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

◆ प्रो० विशाल चौधरी ने 17–11–2022 से 21–11–2022 तक भारत स्काउट एंड गाईड पक्षिशण केन्द्र रिवालसार मण्डी में शिमला में होने वाली गणतंत्र दिवस "परेड़" के चयन शिविर में बैजनाथ महाविधालय के 10 छात्र–छात्राओं के साथ भाग लिया।

◆ प्रो० रेणू भाटिया व विशाल चौधरी ने मई 2022 में GCTE धर्मशाला में 14 दिनों तक Induction Programme सफलता पूर्वक पूरा किया।

**करीयर गाईडेंस एंड प्लेसमैंट सैल :-**

महाविद्यालय में करीयर गाइडेंस सैल की स्थापना की गई है। जिसके माध्यम से प्राध्यापकों और विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार के विविध आयामों की जानकारी दी जाती है। यह सैल डॉ० विक्रम सिंह के नेतृत्व में कार्यरत है।

करयिर मार्गदशन एवं पलेसमेन्ट की गतिविधिां 2023–24 :-

◆ महाविद्यालय में करीयर मार्ग दर्शन तथा प्लेसमैंट सैल द्वारा कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए करीयर से सम्बन्धि से एक लैक्चर का आयोजन किया गया। कॉलेज के करीयर मार्ग दर्शन तथा प्लैसमैंट सैल के संयोजक डॉ० विक्रम सिंह ने बताया कि व्याख्यान आयोजन करने का मुख्य उददेश्य विद्यार्थियों को उनके करीयर चयन के बारे में बताना था। इस लैक्चर में 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। व्याख्यान के मुख्यवक्ता निंबरा अकादमी चण्डीढ के निर्देशक राजीव कुमार द्वारा कॉलेज के छात्रों को उनके करियर चुने करे बारे में विभिन्न विकल्पों के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि छात्रों को सयम रहते अपना लक्ष्य चुनना चाहिए तथा उसके लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। छात्रों ने राजीव कुमार के साथ विभिन्न करियर विकल्प के बारे में बातचीत की, तथा कॉलेज के प्राचार्य डॉ० महेन्द्र पाल ने छात्रों को मोबाईल फोन का दुरूपयोग करने के ब्जाय इसका पढ़ाई के लिए सदुपयोग करके उपयोग करने पर बल दिया।

◆ एच०पी०के०बी० एन ने 3 अगस्त को अपने पाठ्य क्रम की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

◆ 29 सितम्बर 2023 को सामान्य बैकिंग और साइबर अपराध पर एक अतिथि व्याख्यान और इन्टेरक्टीव सत्र आयोजित किया गया।

◆ 4 अक्तूबर को सी जी एंड पीसी द्वारा ''ग्रेजुएशन के बाद क्या करें'' इस शीर्षक पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। एच पी के वी एन के माध्यम से ई०ई०ई० पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र आंवटित किए गए।

◆ 19 अक्तूबर 2023 को एस०एफ०सी० के छात्रों के लिए ''प्रयोगशाल से जीवन तक जैव प्रद्योगिकी'' शीर्षक पर एक पी०पी०टी0 का आयोजन किया गया।

◆ जैव प्रौद्योगिकी और जैव सूचना विज्ञान पर एक दिवसीय सेमिनार 28 नवम्बर 2023 को अयोजित किया गया था। डॉ० सी०एस० के० यू० पालमपुर से तनुजा राणा इस सम्बन्ध में अपना व्याख्यान दिया। और इस सेमिनार में 52 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया।

◆ पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में 14 सितम्बर 2023 को हिन्दी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० महेन्द्र पाल जी रहे।

## महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम :-

| Sr.No. | Class | Year | Total | Passed | College % |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | B.B.A | April 2023 | 19 | 18 | 94.3% |
| 2. | B.CA. | April 2023 | 123 | 92 | 75.79% |
| 3. | B.Com | April 2023 | 89 | 85 | 95.% |
| 4. | B.A | April 2023 | 201 | 199 | 99.% |
| 5. | B.Sc. | April 2023 | 123 | 110 | 86.% |
| 6. | Biotech | April 2023 | 7 | 7 | 100% |
| 7. | M.A(Eng.) | April 2023 | 3 | 3 | 100% |

**विशेष अनुरोध :-**

मान्यवर ! महाविद्यालय में कई विषयों के पद खाली हैं। जिसमें विद्यार्थियों के अध्ययन में बाधा आ रही है। इन पदों को शीघ्र अति शीघ्र भरा जाए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए :-

- अर्थशास्त्र, वाणिज्य व अंग्रेज़ी विषयों के प्राध्यापकों के अतिरिक्त पदों का सृजन करवाने की कृपा करें।
- महाविद्यालय के मुख्य द्वार से लेकर वाहन पार्किंग की टाईरिंग अपेक्षित व अवश्यक है। अतः जिसके लिए लोक निर्माण विभाग से अनुमानित लागत का ब्यौरा मांगा गया है। कृपया इसके लिए लोक निर्माण विभाग को उचित कार्यवाही करने हेतू दिशानिर्देश देकर कार्य पूर्ण करवाने की कृपा करें।
- महाविद्यालय परिसर में इंडोर गेम्स कप्लेक्स की सुविधा प्रदान करने की कृपा करें जिसके लिए भूमि महाविद्यालय परिसर में उपलब्ध है।
- महाविद्यालय में निर्माणाधीन कैंटीन ब्लॉक के भवन को संपूर्ण करवाने हेतू वांछित राशि हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध करवा दी गई है।

  आशा है कि विभाग द्वारा इसका निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा।
- राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ को अगामी वितवर्ष में हि०प्र० सरकार द्वारा संचालित "**उत्कृष्ट महाविद्यालय**" योजना के अधीन लाया जाए ताकि महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास में गति लाई जा सके।
- महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग को आवास की समस्या का सामना करना पड़ता हैं अतः हमारा अनुरोध है कि यहां स्टाफ आवास का निर्माण करवाया जाए। ताकि आवास की समस्या का समाधान हो सके।

- महाविद्यालय में सत्र 2023–24 के दौरान तीन विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं आरम्भ की गई हैं। जिससे क्षेत्र के छात्र एवं छात्राओं को घर द्वार पर भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध हुआ है। आने वाले समय में इसका लाभ उन लोगों का अवश्य मिलेगा जो बाहर जाकर शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते।
- मान्यवर महाविद्यालय में कन्या छात्रावास को सत्र 2023–24 से आरम्भ कर दिया गया हैं और आशा है कि अगले सत्र से छात्रायें इसका लाभ उठायेंगी।

**आभार :–**

- मैं अपनी व समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से समारोह के मुख्य अतिथि माननीय विधायक, बैजनाथ, श्री किशोरी लाल जी (माननीय मुख्य संसदीय सचिव) का हार्दिक धन्यवाद करता हूँ कि अत्यन्त व्यस्त होते हुए भी आपने हमारा निमन्त्रण सहर्ष स्वीकार किया, हमें आशीर्वाद दिया एवं अपने मूल्यवान् विचारों से हमारा मार्ग दर्शन किया। इसके लिए हम आपके आभारी रहेंगे।
- पी.टी.ए. के पदाधिकारियों एवम् कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों के प्रति मैं हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता हूँ जिन्होंने यथासमय महाविद्यालय को सुचारू रूप से चलाने में योगदान दिया है।
- महाविद्यालय की हर गतिविधि को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, गैर–शिक्षक कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों का योगदान सराहनीय रहा हैं, मैं इन सभी का धन्यवाद करता हूँ।
- बैजनाथ प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का वर्तमान शिक्षा सत्र के दौरान हमें आवश्यकतानुसार भरपूर सहयोग मिलता रहा, इसके लिए मैं इनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।
- हिमाचल प्रदेश विद्युत परिषद्, लोक निर्माण विभाग, भारतीय दूर संचार निगम, सिंचाई तथा जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी विशेष रूप से धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने समय–समय पर महाविद्यालय को सहयोग दिया है।
- विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से हमारे पत्रकार बन्धु महाविद्यालय की गतिविधियों को उजागर करने के लिए उचित स्थान देते रहे हैं इसलिए महाविद्यालय परिवार की ओर से मैं इनका धन्यवाद करता हूँ।
- मैं सभी अतिथियों एवम् प्रबुद्ध जनता का भी धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने यहाँ पधार कर समारोह की शोभा को बढ़ाया।
- इसके अतिरिक्त जिन महानुभावों एवं संस्थाओं का सहयोग प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से महाविद्यालय को समय–समय पर मिलता रहा है उन सब का भी मैं हार्दिक धन्यवाद करता हूँ।